# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

सं0–03/स्था0 विविध वाहन (ADM/DCLR)–35/2024–  (3)/रा0, पटना–15, दिनांक–

**सेवा में,**

**महालेखाकार, बिहार,**
**वीरचन्द पटेल पथ, पटना।**

**विषय :–** **अपर समाहर्त्ता–सह–अपर जिला दण्डाधिकारी, रोहतास, (सासराम) भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, डिहरी, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सासाराम एवं भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, विक्रमगंज के व्यवहारार्थ कुल–04 (चार) नये वाहन क्रय किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल राशि–56,00,000/–(छप्पन लाख रूपये) मात्र की व्यय की स्वीकृति।**

**आदेश :–** **स्वीकृत।**

2. अपर समाहर्त्ता–सह–अपर जिला दण्डाधिकारी, रोहतास, सासराम, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, डिहरी, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सासाराम एवं भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, विक्रमगंज के व्यवहरार्थ कुल– 04 (चार) वाहन क्रय हेतु समाहर्त्ता, रोहतास, (सासाराम) के पत्रांक–01/रा0 दिनांक–01.01.2025 के आलोक में कुल राशि–56,00,000/–(छप्पन लाख रूपये) मात्र के व्यय हेतु भुगतेय होगा।

3. इसका व्यय भार मुख्य शीर्ष –2029– भू–राजस्व–104– सरकारी सम्पदाओं का प्रबंध–0001– राजस्व प्रशासन पर व्यय के मांग संख्या–40 विपत्र कोड 40–2029001040001 के 5101–मोटर गाड़ी कार्यालय ईकाई अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 के आवंटन से विकलनीय होगा।

4. इस राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, समाहर्त्ता, सुपौल होगें तथा राशि की निकासी जिला कोषागार से की जायेगी।

5. वाहन का क्रय वित्त विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–10517, दिनांक–28.11.2023 द्वारा पदाधिकारियों को अनुमान्यता के अधीन किया जायेगा तथा बिहार वित्त नियमावली का खरीद प्रक्रिया में अक्षरशः पालन किया जाएगा।

6. राशि की निकासी के क्रम में वित्त विभाग के परिपत्र सं0–2561 वि0(2), दिनांक–17.04.1998 एवं समय–समय पर वित्त विभाग, बिहार द्वारा एतत्संबंधी निर्गत परिपत्र/आदेश/निदेशों का दृढ़ता पूर्वक पालन किया जायेगा।

7. राशि का विचलन किसी भी स्थिति में नहीं किया जायेगा।

8. राशि का आंवटन वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–2561 वि0 (2) दिनांक–17.04.1998 के आलोक में किया जायेगा।

9. इसमें आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमती प्राप्त है।

10. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/–
**(अनिल कुमर पाण्डेय),**
**सरकार के संयुक्त सचिव।**

E:\2025 Section-3 work\LETTER\Wahan and Trining Sanction order.docx 22

ज्ञापांक–03/स्था0 विविध वाहन (ADM/DCLR)–35/2024– (3)/रा0, पटना–15, दिनांक–

प्रतिलिपि :– अपर समाहर्त्ता, रोहतास (सासाराम)/कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, रोहतास (सासाराम)/वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना/विभागीय प्रशाखा–05 (बजट) को (आंवटन निर्गत करने हेतु) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

**(अनिल कुमर पाण्डेय),**

**सरकार के संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक–03/स्था0 विविध वाहन (ADM/DCLR)–35/2024–70(3)/रा0, पटना–15,दिनांक–29.01.2025

प्रतिलिपि :–आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ प्रेषित।

**(अनिल कुमर पाण्डेय),**

**सरकार के संयुक्त सचिव।**

E:\2025 Section-3 work\LETTER\Wahan and Trining Sanction order.docx 23